हिंदू कॉलेज ने हिंदी दिवस को समर्पित करवाई विभिन्न प्रतियोगिताएं

अमृतसर, पब्लिक दिलासा (ब्यूरो): हिंदू कॉलेज के हिंदी विभाग ने हिंदी पखवाड़े के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार व उप-प्राचार्य संजय खन्ना के मार्गदर्शन तथा हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. दीप्ति के संयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिनमें 'हिंदी निबंध लेखन' और 'हिंदी लघु कथा लेखन' प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस मौके प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी हमारी संवाद की भाषा है, जो भारतीय संस्कृति की आत्म एवं राष्ट्र की जीवनधारा है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक हिन्दी की गौरवशाली परम्परा निरंतर बनी हुई है। आज प्रिंट मीडिया, दूरदर्शन, यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया मंचों

पर हिन्दी का व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। हिन्दी भाषा के क्षेत्र में रोजगार और करियर की अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। इस दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति ने हिंदी की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाते हुए वैश्विक स्तर पर इसकी बढ़ती लोकप्रियता से भी अवगत करवाया। हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में बी ए समस्तर तीन की स्नेहा को प्रथम पुरस्कार, बी ए समस्तर प्रथम के रघु को द्वितीय पुरस्कार, बी ए पांचवें समस्तर की दिया को तीसरा पुरस्कार तथा हिंदी लघु कथा लेखन में ग्यारवीं की छात्रा शुभनीत को प्रथम पुरस्कार, बारहवीं की छात्रा वैभवी को द्वितीय पुरस्कार, बी ए समस्तर तीन की छात्रा स्नेहा को तीसरे पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार ने विजेताओं को बधाई और प्रतिभागियों के मंगलकामना प्रदान की।